भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 38

(जिसका उत्तर मंगलवार, 24 फरवरी, 2015 को दिया गया)

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत उपलब्ध राशि

38. डा. भालचन्द्र मुणगेकर :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान सरकार के पास कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि उपलब्ध थी और उसका ब्यौरा क्या है तथा उसमें से वर्ष-वार कितना-कितना व्यय किया गया है; और

(ख) यदि कुल उपलब्ध निधियां व्यय नहीं की गई थीं, तो इसके क्या कारण थे?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरुण जेटली)**

(क) और (ख) : वर्ष 2014-15 कंपनियों द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) नीतियों के कार्यान्वयन का प्रथम वर्ष होने के कारण इस प्रथम वर्ष के आंकड़े वर्ष 2015 के अंत में कंपनियों द्वारा अपेक्षित फाइलिंग करने के पश्चात् उपलब्ध होंगे।

*****